# <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

## हिन्दुस्तान कॉलेज में आयोजित ‘‘माइन्डस्पार्क 2017’’

विगत दिवस शारदा ग्रुप के प्रतिष्ठित संस्थान हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी के ऑटोमोबाइल इंजी. एवं मैकेनिकल इंजी. विभाग द्वारा सोसायटी ऑफ ऑटोमोबाइल इंजीनियर्स के संयुक्त तत्वाधान में एक प्रश्नमंच प्र तियोगिता ‘‘माइन्डस्पार्क 2017’’ का आयोजन संस्थान के डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम भव्य सभागार में प्रातः 9.30 से 10.30 बजे के बीच किया गया जिसमें 40 मिनट में आगरा के विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को 50 प्रश्नों के जबाव देने थे। इस प्रतियोगिता में लगभग 164 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता के संयोजक डॉ वाई.सी. धोटे, विभागाध्यक्ष ऑटोमोबाइल इंजी विभाग ने बताया कि इस प्रतियोगिता में आगरा के

iतिष्ठित स्कूलों सेन्ट पीटर्स, राधा बल्लभ, lUV ikYl] vkj-b-vkb-] fo|k efUnj Dykll rFkk gkyh ifCyd Ldy vkfn viu viu Ldyk u e/kkoh Nk=@Nk=kvk dk ifrHkkx djk;kA bl ifr;kfxrk dk mnn’; Nk=@Nk=kvk dk Hkfo"; d fu.k;k dk yu e l{ke cukuk ,o mue f’k{kkUe[k tkxfr ykuk FkkA

प्रतियोगिता के विजयी छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत करने के लिए धरातल सभागार में एक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के पूर्व कुलपति डॉ सुगम आनन्द एवं विशिष्ठ अतिथि मॉरिशस हिन्दी साहित्य संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. हेमराज सुन्दर रहे। प्रतियो गिता में सेन्ट पीटर्स स्कूल के छात्र तरुण चावला और सिमर सिंह की टीम को प्रथम स्थान मिला वहीं द्वितीय स्थान पर सेन्ट पॉल्स स्कूल की टीम के छात्र महूल गोयल व शुभांकर गुप्ता रहे तथा तृतीय स्थान पर विद्या मन्दिर क्लासेस स्कूल की छात्रा स्नेहा सिंह व प्रकृति अग्रवाल रहीं।

पुरस्कार वितरण समारोह में संस्थान के अधिशासी निदेशक प्रो. वी.के. शर्मा एवं निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथि का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को उनके स्कूलों के शिक्षकगण सेन्ट पीटर्स कॉलेज से श्री ग्लेन, राधा बल्लभ इण्टर कॉलेज से श्री विवेक कुमार और श्री सुमित त्रेहान, सेन्ट पॉल स्कूल चर्च रोड़ से श्री हरी नारायण चर्तुवेर्दी, आर.ई.आई. इण्टर कॉलेज से श्री शैलेन्द्र सिंह आदि का भी संस्थान के डीन फैकल्टी डॉ. हरेन्द्र सिंह चौहान, डीन आर.एण्ड.डी. डॉ. एम.एस. गौर, डीन स्टूडेन्ट वेलफैयर श्री संदीप अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने अपने स्वागत सम्बोधन में सभी शिक्षकवृन्दों का आभार व्यक्त करते हुए प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को बधाई दी। निकट भविष्य में 30 व 31 अक्टूबर 2017 को डॉ. ऐ.पी.जे. अब्दुल कलाम की स्मृति में संस्थान में होने जा रहे ‘‘इन्नोवेशन डे’’ के बारे में भी प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को प्रतिभाग करने के लिए प्रेfjr fd;kA

संस्थान के अधिशासी निदेशक प्रो. वी.के. शर्मा ने प्रतिभागी छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हे बधाई देते हुए सीधे संवाद के माध्यम से पूछा कि निश्चित ही उन्होने प्रतियोगिता का आनन्द उठाया होगा और इस प्रतियोगिता ने निश्चित ही उनके दिमाग की बत्ती जला दी होगी और यह उन्नत मस्तिष्क भविष्य की रुपरेखा तैयार करने में काम आयेगा। कुछ अन्य समूह स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं जैसेः शारदा साइंस ओलम्पियाड, इन्नोवेशन डे, स्कूल कनेक्ट, शारदा क्रिकेट प्रीमियर लीग, शिक्षक सम्मान आदि के बारे में विस्तृत जानकरी दी और प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। यह इस शिक्षणसमूह की सामाजिक देयता है जिसके निर्वहन में यह समूह कभी पीछे नहीं हटता।

विशिष्ठ अतिथि डॉ. हेमराज सुन्दर ने सुदूर मॉरिशस में अनेक भाषाओं के बीच हिन्दी के परचम लहराने के लिए स्वंय को सौभाग्यशाली बताते हुए भारत सरकार एवं

भारत की जनता को कोटि–कोटि धन्यवाद दिया तथा अभावों में रहकर सफलताओं के लिये जूझने के लिए हौंसला बनाये रखकर जीवन के लक्ष्यों को पा लेने के लिए प्रेरित किया और सभी को एक बार मॉरिशस भ्रमण के लिए आमंत्रित किया।

मुख्य अतिथि डॉ सुगम आनन्द ने प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को हार–जीत पर ना जाकर प्रतिभाग करने मात्र को ही अपनी भविष्य की सफलता का राज बनाना चाहिए। प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने से निरन्तर प्रगति अवश्य संभावी है। हार–जीत का अंतर बहुत मामूली होता है और यह अनेक कारणों पर निर्भर करता है हमें उन कारणों पर ही जोर देकर अपनी कमजोरियों को ध्यान में रख कर भविष्य में उन पर कार्य करना चाहिए और सफलता के लिए निरन्तर प्रयासरत रहना चाहिए तभी सफलता मिलती है।

पी.के. शर्मा

मीडिया प्रभारी